

# बंद मिले स्कूल-छात्रावास, अधीक्षक-शिक्षकों को नोटिस




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 नवंबर।** स्कूल-छात्रावासों में छात्रों की संख्या कम मिलने और शिक्षकों के अनुपस्थित

**जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण, गैरहाजिर पंचायत सचिव को नोटिस जारी**

मिलने, स्कूल बंद मिलने पर जिला पंचायत सीईओ ने कई शिक्षकों और छात्रावास अधीक्षकों को नोटिस जारी किए हैं।

जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव बुधवार को ग्राम पंचायत रंचौली पहुंचे। जहां पंचायत सचिव बीएलओ का काम करते मिले। जबकि कलेक्टर के निर्देश हैं कि पंचायत सचिव रोज सुबह 11 बजे से एक बजे तक पंचायत भवन पर मौजूद रहें। इसलिए सीईओ ने सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने शाप्रावि जरारा का निरीक्षण किया, जहां शिक्षक वीर सिंह मावई अनुपस्थित मिले, उन्हें भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

शासकीय हाईस्कूल बरेंडा (प्राथमिक एवं माध्यमिक) में सभी शिक्षक मौजूद मिले लेकिन 372 छात्रों में से केवल 100 ही पढ़ते मिले। इस पर छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन बरेंडा बंद मिला, जिस पर सचिव एवं जीआरएस को भी नोटिस देने के निर्देश दिए। बिचौला पंचायत भवन में अतिक्रमण मिलने पर सचिव और जीआरएस को नोटिस जारी किया गया।

### यहां भी मिलीं खामियां, नोटिस जारी

- हाईस्कूल बिचौला में शिक्षिका अर्चना जैन और शिक्षक दिनेश सिंह तोमर उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।
- शासकीय माध्यमिक विद्यालय हुब्बलाल का पुरा में छात्र संख्या कम मिली, शिक्षक मुकुट बिहारी मुदगल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।
- अनुसूचित जाति कन्या जूनियर छात्रावास का निरीक्षण किया गया, छात्रावास बंद मिला, इस पर अधीक्षिका लक्ष्मी शाक्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



### जौरा एसडीएम ने अस्पताल, स्कूल का किया निरीक्षण

एसडीएम जौरा शुभम शर्मा ने बुधवार को सिविल हॉस्पीटल का निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे डॉक्टर्स व कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। उन्होंने अस्पताल में व्यवस्थाओं के सुधारने के निर्देश दिए। जिसके बाद एसडीएम श्री शर्मा ने मई गांव स्थित शासकीय मावि का निरीक्षण किया। स्कूल में एक पुरुष और एक महिला शिक्षिका अनुपस्थित मिले। जिनके विरुद्ध कार्रवाई के प्रतिवेदन भेजे गए है।

# नेत्रहीन बच्चों को फल-मिठाई बांटे, वृद्धजनों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 नवंबर।** इनर व्हील क्लब मुरैना द्वारा ऑफिशियल क्लब विजिट का सुसंगठित आयोजन बुधवार को किया गया। इस मौके पर क्लब की महिला सदस्यों ने जिला अस्पताल में मरीज एवं अटेंडरों को कपड़े से निर्मित थैले वितरित किए। नेत्रहीन

**इनर व्हील क्लब का ऑफिशियल विजिट का आयोजन**

बच्चों को फल एवं मिष्ठान्न का वितरण कर वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों का सम्मान भी किया।

कार्यक्रम में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 305 की अध्यक्ष श्रीमती बिंदु गुप्ता बीकानेर एवं डिस्ट्रिक्ट आईएसओ श्रीमती अलका भार्गव ग्वालियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने क्लब की बीते साल की गतिविधियों और सेवा कार्यों की जानकारी प्राप्त की। जिसके बाद सदस्यों सहित




अतिथि जिला अस्पताल पहुंचें। जहां विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीज एवं उनके परिजन को कपड़े से बने थैले वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी क्रम में क्लब की सदस्यों ने रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित किए जा रहे नेत्रहीन विद्यालय में पहुंचकर नेत्रहीन बच्चों को फल एवं मिष्ठान्न का वितरण किया। इस मौके पर डॉ. दीप्ति जैन ने बालक-बालिकाओं को बताया कि वे किस प्रकार अपनी जिंदगी को आसान और सुरक्षित बना सकते है। अगली कड़ी में सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों को पुष्पहार पहनाए और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि ऑफिशियल क्लब विजिट का उद्देश्य सदस्यों के बीच मित्रता, सहयोग और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर मुरैना क्लब की अध्यक्ष श्वेता माहेश्वरी, सचिव साक्षी गोयल, अंजलि जैन, डॉ. सुधा माहेश्वरी, डॉ. दीक्षा गुप्ता, डॉ. दीप्ति जैन, पूजा मोदी, रंजीता शिवहरे, राधिका माहेश्वरी, शालू जैन, निम्मी जैन, रुचि जैन, अनीता किंगरानी, मीनाक्षी माहेश्वरी, स्वाती मंगल, माधुरी मित्तल, मधु गुप्ता, करुणा जैन, नीरज गुप्ता, प्रतीक्षा बांदिल, आरती कोठारी आदि उपस्थित थे।



## रामायण ग्रंथ ही नहीं हमारे जीवन का आदर्श मार्गदर्शन है : माहेश्वरी

**मुरैना/जौरा, 12 नवंबर।** नगर पालिका परिषद जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी 11 नवंबर को सकतपुर गांव में चल रहे भव्य रामलीला महोत्सव में शामिल हुए। श्री माहेश्वरी ने महोत्सव में प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी का पात्र निभा रहे कलाकारों की आरती उतारी, जिसके बाद रामलीला के मंचन का आनंद लिया। नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी के आगमन पर ग्रामीणों ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि हमारे जीवन का मार्गदर्शन है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सच्चाई, त्याग, सेवा और मर्यादा का संदेश देते हैं। सकतपुर गांव में भव्य रामलीला का आयोजन हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखने का काम करेगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव में रामलीला का मंचन बीते कई वर्षों से किया जा रहा है। आयोजन में स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण के पात्रों का सजीव मंचन किया जाता है।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सबलगढ़, 12 नवम्बर।** सबलगढ़ के आसपास 10 गांव में टोंगा तालाब के फूटने से पानी भरा हुआ था अब लगातार अतिवृष्टि, बे मौसम बारिश और तालाब के रिसाब के चलते पूरी जमीन जलमग्न हो गई है उसके निकासी की कोई व्यवस्था स्थानीय प्रशासन और सिंचाई विभाग द्वारा नहीं की जा रही है इसके चलते किसान 01 साल से दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं आवेदन ज्ञापन दे रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने से किसान अत्यंत दुखी और छुव्द है इसके विरोध में कुतघान देवपुर (माफी) रानीपुर, इटवा, उदन्नपुर, बध्दपुरा गुदायापहाड़ी, पासोंन राजा का तौर पिपरघान मांगरोल आदि गांवों के सैकड़ो किसान महिला पुरुष इकट्ठे हुए और उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी के नाम आवेदन ज्ञापन दिया जिसे स्थानीय तहसीलदार सबलगढ़ ने लिया।

# कलेक्टर ने की शनिदेव की पूजा, मंदिर परिसर का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 नवंबर।** त्रेतायुगीन शनि मंदिर का प्राचीन वैभव एक बार फिर लौटेगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बुधवार को शनि मंदिर पहुंचकर पूरे परिसर का मुआयना किया और भगवान

**पुराने स्वरूप में दिखेगा मंदिर, गर्भगृह से हटेंगी टाइल्स**

शनिदेव की पूजा-अर्चना की।

शनि मंदिर के गर्भगृह को देखकर उन्होंने कहा कि मंदिर के गर्भगृह में जो टाइल्स लगी हैं और जिस तरह का रंग-रोंगन किया गया हैए उससे मंदिर का प्राचीन स्वरूप पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसलिए इन टाइल्स को हटाया जाए। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों से कहा कि शनि मंदिर का गर्भगृह अपने मूल स्वरूप में संरक्षित रहे। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूर्ति के पीछे और दोनों ओर लगी टाइल्स को हटवाया जाए।

निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ कमलेश कुमार भार्गवए एडीएम अश्विनी कुमार रावतए ऐंती पंचायत की सरपंच माया आदि मौजूद रहीं।

**हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार, पिछले प्रवेश द्वार का होगा सौंदर्यीकरण :** कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार तथा पिछले प्रवेश द्वार पर लगी टाइल्स को भी बदलवाया जाए। कलेक्टर ने गुप्त गंगा का अवलोकन कर वहां जमा जल को साफ करवाकर उसे कुंड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

**परिक्रमा मार्ग में होगा पौधरोपण, पार्किंग क्षेत्र में हो लेवलिंग:** कलेक्टर ने कहा कि परिक्रमा मार्ग का वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़वाने एवं परिसर में पुलिस चौकी स्थापित करने की बात भी बैठक में कही।

### ऑनलाइन दान की सुविधा के लिए क्यूआर कोड लगेंगे

कलेक्टर ने कहा कि मंदिर के व्हीआईपी द्वार पर आकर्षक प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाए तथा मंदिर परिसर में कांच के फ्रेम में क्यूआर कोड लगाए जाएं, ताकि श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से भी दान दे सकें। उन्होंने फ्लोरिंग कार्य, नए प्रवेश द्वार तथा भंडारे कक्ष का भी निरीक्षण किया। वहीं शुक्रवार-शनिवार को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शनिश्चरा स्टेशन से शनि मंदिर तक ई-रिक्शा सेवा प्रारंभ की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय धर्मशाला को श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु खोला जाए तथा वहां कंबल एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाए साथ ही मंदिर परिसर में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि रात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# डॉक्टर्स ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, ज्ञापन सौंपे



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा/कैलारस, 12 नवंबर।** नाइट ड्यूटी के दौरान

**नाइट ड्यूटी डॉक्टर को जबरन घर ले जाने का मामला**

कैलारस अस्पताल में पदस्थ डॉ. बलवीर धाकड़ को जबरदस्ती उठाकर घर ले जाने और उनके साथ अभद्रता किए जाने के विरोध में बुधवार को जिला अस्पताल सहित सिविल हॉस्पीटल जौरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस में डॉक्टर्स ने कालीपट्टी बांधकर विरोध जाहिर किया। मुरैना एवं जौरा में डॉक्टर्स ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपे। ज्ञापन में डॉक्टर्स को सुरक्षा एवं कैलारस की घटना के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

मुरैना मुख्यालय पर कुं. जाहर सिंह शर्मा जिला चिकित्सालय में बुधवार को कैलारस में हुई घटना के विरोध में डॉक्टर्स बांह पर कालीपट्टी बांधकर ओपीडी में पहुंचें। उनके द्वारा कैलारस में नाइट ड्यूटी कर रहे डॉ. धाकड़ के साथ हुई जबरदस्ती और अभद्रता की कड़े शब्दों में निंदा की गई। जिसके बाद डॉक्टर्स ने एसडीएम भूपेन्द्र सिंह कुशवाह को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. योगेश तिवारी, डॉ. संजीव बांदिल, डॉ. सूर्यकांत शर्मा, डॉ. दीपक चांदिल, डॉ. महेश शर्मा आदि शामिल थे।

**कैलारस में डॉक्टर्स ने किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस में पदस्थ डॉक्टर्स ने मंगलवार की रात डॉ. धाकड़ के साथ हुई अभद्रता के विरोध में कालीपट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। उनके द्वारा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रदर्शन में डॉ. शोभाराम मिश्रा, डॉ. कल्पना शर्मा, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. राघवेंद्र कुशवाह, डॉ. मेघा अग्रवाल, डॉ. बलवीर धाकड़, डॉ. पूजा धाकड़, डॉ. रजत शाक्य, डॉ. आशु राजपूत, डॉ. लक्ष्मी सिंह, डॉ. पंजाब सिंह, डॉ. बृजमोहन शाक्य, डॉ. सिसोदिया आदि मौजूद रहे।



### जौरा में डॉक्टर्स ने दिया ज्ञापन, पुलिस चौकी बनाने की मांग

कैलारस में हुई घटना के विरोध में सिविल हॉस्पीटल जौरा के डॉक्टर्स ने विरोध जाहिर करते हुए एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन में हॉस्पीटल परिसर में पुलिस चौकी बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ . आरएस सैमिल, कुशवेन्द्र सिकरवार, अनिल राजपूत, राधाबल्लभ शर्मा, मनमीत, अभिषेक, विकास, आयुष मित्तल, संतकुमार आदि शामिल थे।

# जंतर-मंतर पर गोली मारकर जान देने वाले लोकेन्द्र की हुई अंत्येष्टि

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 12 नवंबर।**



बहनोई की मौत के बाद बहन को शिक्षा विभाग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर 10 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान गोली मारकर खुदकुशी करने वाले लोकेन्द्र सक्सैना की पार्थिव देह का बुधवार को अंबाह में अंतिम संस्कार हुआ। उनकी पार्थिव देह को लेकर परिजन 11 नवंबर की रात को दिल्ली से अंबाह पहुंचें थे। बुधवार की सुबह अंबाह के मुक्तिधाम में अंत्येष्टि हुई, मुखाग्नि छोटे भाई शैलेन्द्र सक्सैना ने दी। लोकेन्द्र के खुदकुशी करने के बाद से उसकी बुजुर्ग मां और विधवा बहन रश्मि गहरे सदमे में है।



**रश्मि बोली नौकरी नहीं मिली तो मैं भी करूंगी सुसाइड :** भाई लोकेन्द्र की मौत से गहरे सदमा झेल रहे उसकी विधवा बहन रश्मि ने रोते हुए कहा कि पति के जाने के बाद भाई संघर्ष कर रहा था, बहन के भविष्य की खातिर भाई ने अपना बलिदान दे दिया। रश्मि ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति वे लेकर रहेंगी, अगर नहीं मिली तो भाई की तरह वे भी आत्महत्या कर लेंगी।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ केशव कॉलोनी में भागवत कथा प्रारंभ

**मुरैना, 12 नवंबर।** शहर की केशव कॉलोनी में स्थित हनुमान जी के




मंदिर के पास श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 10 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन हनुमान भक्त मंडल केशव कॉलोनी के तत्वावधान में हो रहा है। आयोजन में पारस-खो अलबेली सरकार पहाड़गढ़ से पधारे कथाचार्य पं . ललिता शरण महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा का समापन 16 नवंबर को होगा। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# जर्जर स्कूल बिल्डिंग डिस्मेंटल कराई जाएं, नहरों की सफाई हो



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 नवंबर।** मुरैना जनपद के ग्राम खिरावली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र और खरगपुर गांव के प्राइमरी, मिडिल स्कूलों का बुधवार को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर सबसे पहले खिरावली के आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित थीं, बच्चों की छुट्टी हो चुकी थी। कलेक्टर ने केंद्र

**कलेक्टर ने खिरावली में आंबा केन्द्र, खरगपुर में स्कूलों का किया निरीक्षण**

के कमरे, पोषण आहार वितरण तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने कार्यकर्ता से पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन और संपर्क एप्लिकेशन के संचालन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि टेक होम राशन योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों का डेटा संकलन कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम खरगपुर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक उपस्थित पाए गए तथा दो शिक्षक अवकाश पर थे। उपस्थित शिक्षक कक्षा में बच्चों को पढ़ाते हुए मिले। निरीक्षण के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाएं संचालित हो रही थीं। कलेक्टर ने माध्यमिक विद्यालय में स्थित पुरानी और जर्जर भवन संरचनाओं का अवलोकन किया और उसे ध्वस्त कराए जाने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि ग्राम खरगपुर की नहर की सफाई नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के उप प्रभागीय अधिकारी को मौके पर ही निर्देश दिए कि नहर की सफाई कार्य अगले दिन तक पूर्ण कराई जाए।

# मुरैना तहसीलदार के सिर पर गिरा लोहे का एंगल, हुए जख्मी



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 नवंबर।** नगर निगम सीमा में बुधवार को फाटक बाहर क्षेत्र में नगरनिगम का मदाखलत दस्ता दुकानों के बाहर से नालियों के आगे स्थित अस्थाई अतिक्रमण हटा रही थी। इसी दौरान राजस्व विभाग की ओर से वहां मौजूद सीताराम वर्मा के सिर पर एक टीनशेड में लगी लोहे की एंगल निकलकर उनके सिर पर गिरी, जिससे उनका सिर फूट गया और खून बहने लगा। घटना सुबह 10

**फाटक बाहर क्षेत्र में अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान हुआ हादसा**

से 10.30 बजे के बीच की है। इसके बाद मौके पर मौजूद जख्मी तहसीलदार सीधे अपने वाहन से बैठकर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने मल्हम पट्टी कराई और अपने घर लौट गए।

# कृषि उपज मंडी की बेशकीमती जमीन से हटाया अतिक्रमण




**मुरैना, 12 नवंबर।** शहर में माधौपुरा की पुलिया स्थित कृषि उपज मंडी की करोड़ों रूपये कीमती भूमि से बुधवार को मंडी प्रबंधन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कब्जा हटाने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई एसडीएम मुरैना भूपेन्द्र सिंह कुशवाह के आदेश पर की गई। कब्जा हटाने के बाद मंडी प्रशासन की ओर से उक्त भूमि पर नोटिस बोर्ड लगा दिया है। जिस पर लिखा है कि उक्त भूमि कृषि उपज मंडी के स्वामित्व की है। एसडीएम श्री कुशवाह द्वारा जारी आदेश में थाना प्रभारी कोतवाली को आदेश दिए गए थे। आदेश में बताया गया है कि होटल धर्मइन के सामने माधौपुरा की पुलिया स्थित कृषि उपज मंडी के स्वामित्व की रिक्त भूमि प्लॉट क्रं. 03 पर मंडी रिकॉर्ड के अनुसार सुनील कुमार पुत्र पीतमदास सिंधी के नाम से अतिक्रमण दर्ज है। अतिक्रमण को हटाने के संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने मंडी समिति को कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के पालन में एसडीएम ने थाना प्रभारी को मंडी प्रशासन की भूमि पर हो रहे निर्माण को रोकने की कार्रवाई के आदेश जारी किए थे।

# फाटक बाहर क्षेत्र में हटाए अतिक्रमण-सब्जी की दुकानें, जेसीबी से तोड़े अस्थाई कब्जे

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 नवंबर।** शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान बुधवार को फाटक बाहर इलाके से शुरू हुआ। सुबह 6 बजे ही नगर निगम का मदाखलत दस्ता तीन जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा। सबसे पहले सड़क पर बैठकर सब्जी बेचने वाले 111 दुकानदारों को हटाकर पॉलिटेक्निक के पास खाली जगह में शिफ्ट किया गया। इसके बाद सड़क के दोनों साइड नाले के ऊपर अस्थाई अतिक्रमण कर रखे



गए तख्त, टीनशेड तोड़े गए। इस दौरान कुछ लड़कों ने कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस फोर्स के चलते उनकी एक न चली।

यहां बता दें कि फाटक बाहर सड़क के दोनों साइड 111 सब्जी विक्रेता दुकानें लगाकर बैठते थे। इसके अलावा यहां हाथठेले वाले और गुमटी वालों ने भी अतिक्रमण कर रखा था। इसके अलावा यहां अंबाह-पोरसा, सिहोनियां रूट पर सवारियां ढोने वाले डग्गामार वाहन भी खड़े रहते थे, जिससे महादेव नाका अंडरब्रिज के दोनों मुहानों पर ट्रैफिक जाम होता था और वाहन चालक और यात्री परेशान होते थे।

**3 जेसीबी के साथ 6 घंटे कार्रवाई, 50-60 दुकानों के टीनशेड तोड़े :** नगर निगम के मदाखलत दस्ते ने सुबह 6 बजे से अपना अभियान शुरू किया। सुबह 9.30 बजे तहसीलदार सीताराम वर्मा, नगर निगम इंजीनियर केके शर्मा की मौजूदगी में मदाखलत दस्ते ने हाथठेले, तख्त, गुमटियां हटवाईं। इसके बाद जेसीबी की मदद से महादेव नाका अंडरब्रिज से लेकर बड़ोखर स्थित हनुमान मंदिर तक सड़क के दोनों साइड नालियों के ऊपर लगे दुकानों के टीनशेड और वाहनों के लिए बनाए गए पक्के रैंप एवं चबूतरों को तोड़ा गया।